# YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 17.03.2018**

**PUNJAB KESARI**

# मोबाइल फिल्म पर कार्यशाला का आयोजन



*वाईएमसीए में कार्यशाला का शुभारंभ करती अतिथि।*

फरीदाबाद, 16 मार्च (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के मानविकी एवं विज्ञान विभाग द्वारा मीडिया के विद्यार्थियों को मोबाइल फिल्म तकनीक से अवगत करवाने के उद्देश्य से 'मोबाइल फोन के माध्यम से शार्ट फिल्म एवं डायक्यूमेंट्री बनाने' को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के साथ-साथ फरीदाबाद व एनसीआर से अन्य संस्थानों के विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया। कार्यशाला का उद्घाटन एनजीएफ कॉलेज आफ इंजीनियरिंग, पलवल के कम्युनिटी रेडिया के निदेशक मुकेश गंभीर ने किया। विभाग के डीन प्रो. राज कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन डा. तरूणा नरूला तथा अमनदीप कौर द्वारा किया गया। गंभीर ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन विद्यार्थियों को सीखने तथा अपना ज्ञान अर्जन करने के लिए बेहतर अवसर प्रदान करती है।

**NEWS CLIPPING: 17.03.2018**

**HINDUSTAN**

# मोबाइल फिल्म के बारे में बताया

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मानविकी एवं विज्ञान विभाग एवं मीडिया के विद्यार्थियों को मोबाइल फिल्म तकनीक के विषय पर शुक्रवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान 'मोबाइल फोन के माध्यम से लघु फिल्म एवं वृतचित्र बनाने' के संबंध में जानकारी दी गई।

इसमें फरीदाबाद के अलावा दिल्ली एनसीआर के कई संस्थानों के छात्रों ने हिस्सा लिया। इसका उद्घाटन पलवल एनजीएफ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग कम्युनिटी रेडियो के निदेशक मुकेश गंभीर ने किया। जबकि अध्यक्षता विभाग के डीन प्रो. राज कुमार ने की।

तकनीकी सत्र के दौरान दिल्ली इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर वूमेन के सहायक प्रोफेसर गगन गेरा तथा मीडिया उद्योग एवं फिल्म निर्माण से जुड़े अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी।



फरीदाबाद वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में मोबाइल फिल्म पर आयोजित कार्यशाला में शुक्रवार को मुख्य वक्ता मुकेश गंभीर का प्रोफेसर राजकुमार ने स्वागत किया। • हिन्दुस्तान

इस दौरान विद्यार्थियों को मोबाइल पर फिल्म बनाने, पटकथा लिखने, लाइटिंग तकनीक, लघु और कम्पोजिशन जैसी तकनीक के विषय में जानकारी दी गई। वहीं, अभिषेक श्रीवास्तव ने स्टोरीबोर्ड के महत्व के विषय में बताया। विद्यार्थियों को मोबाइल फिल्म के लिए प्रयोग होने वाली एप एवं इनके प्रयोग के बारे में भी बताया। कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए है। इसका संयोजन और संचालन डॉ. तरुण नरूला और अमनदीप कौर ने किया।

**NEWS CLIPPING: 17.03.2018**

**DAINIK BHASKAR**

# कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सीखा मोबाइल फोन पर फिल्म बनाना

**फरीदाबाद** | वाईएमसीए विश्वविद्यालय के मानविकी एवं विज्ञान विभाग ने जर्नलिज्म के विद्यार्थियों को मोबाइल फिल्म तकनीक के बारे में बताने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें मोबाइल फोन के माध्यम से शार्ट फिल्म एवं डाक्यूमेंट्री बनाने के बारे में बताया गया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के साथ-साथ फरीदाबाद व एनसीआर के अन्य संस्थानों के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन एनजीएफ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के मुकेश गंभीर ने किया। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों को इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर वूमेन दिल्ली के सहायक प्रोफेसर गगन गेरा तथा अभिषेक श्रीवास्तव ने संबोधित किया। गेरा ने विद्यार्थियों को मोबाइल पर फिल्म बनाने से संबंधित जानकारी दी। साथ ही स्क्रिप्ट राइटिंग, लाइटिंग तकनीक, शॉट व कम्पोजिशन जैसी तकनीक के बारे में भी बताया। अभिषेक श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को मोबाइल फिल्म के लिए प्रयोग होने वाली एप एवं इनके प्रयोग के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

**NEWS CLIPPING: 17.03.2018**

**AMAR UJALA**

# छात्रों को लाइटिंग तकनीक, शॉट और कंपोजिशन के बारे में बताया

## फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए में मोबाइल फिल्म पर कार्यशाला

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद।

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मानविकी एवं विज्ञान विभाग द्वारा मॉस कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें दिल्ली-एनसीआर के अन्य संस्थानों के विद्यार्थी भी शामिल हुए। कार्यशाला में विद्यार्थियों को मोबाइल फोन से शार्ट फिल्म बनाने की जानकारी दी गई।

कार्यशाला का उद्घाटन एनजीएफ कालेज ऑफ इंजीनियरिंग पलवल के कम्युनिटी रेडियो के निदेशक मुकेश गंभीर ने किया। विभाग के डीन प्रो. राजकुमार ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में मुकेश गंभीर ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन विद्यार्थियों को सीखने और ज्ञान अर्जन करने के लिए बेहतर अवसर प्रदान करती हैं। विद्यार्थियों को इससे लाभ उठाना चाहिए। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों को इंद्रप्रस्थ कालेज फॉर वूमन दिल्ली से सहायक प्रोफेसर गगन गेरा और मीडिया उद्योग एवं फिल्म निर्माण का अनुभव रखने वाले अभिषेक श्रीवास्तव ने संबोधित किया। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सवों में पुरस्कार प्राप्त कर चुके गगन गेरा ने विद्यार्थियों को मोबाइल पर फिल्म बनाने से संबंधित अहम जानकारी दी। इसके साथ ही उन्हें स्क्रिप्ट राइटिंग, लाइटिंग तकनीक, शॉट व कंपोजिशन जैसी तकनीकों के बारे में भी बताया। जबकि अभिषेक श्रीवास्तव ने स्टोरी बोर्ड के महत्व की जानकारी दी। कार्यशाला में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

**NEWS CLIPPING: 17.03.2018**


**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए के कलमायका में छात्र धूम मचाएंगे

**फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता**

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पांच से छह अप्रैल तक उदभव कलमायका-2018 आयोजित किया जा रहा है। इसमें बेहतर प्रदर्शन के लिए विश्वविद्यालय के छात्रों ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसमें 16 क्लब के छात्र हिस्सा लेंगे।

इस वर्ष योग और दान उत्सव को जोड़ने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान करीब छह सांस्कृतिक और चार तकनीकी क्लब के पदाधिकारी भाग लेंगे। इसमें प्रत्येक क्लब के छात्रों को जिम्मेदारियां सौपी गई है। कलमायका में दिल्ली एनसीआर के करीब 19 कॉलेज के तीन हजार से अधिक छात्र हिस्सा लेंगे। इस दौरान सौ से अधिक कार्यक्रम तैयार किया गया है। इस दौरान योग, दान उत्सव, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नृत्य व अभिनय, काव्य, वाद-विवाद, चित्रकारी, कला एवं शिल्प, फोटोग्राफी तकनीकी एवं कम्प्यूटर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।



फरीदाबाद वाईएमसीए में कलमाइका की तैयारी शुरू हो चुकी है। • फाइल फोटो

इसके अलावा नुक्कड़-नाटक भी प्रस्तुत किया जाएगा। तीन दिवसीय उत्सव विश्वविद्यालय के पांच से सात स्थलों पर आयोजित किए जाएंगे। उत्सव के पहले दिन योग और सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण होगा। जिसमें विभिन्न संस्थानों के रॉक बैंड प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा, गायकी, पाश्चात्य व लोक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। वहीं, स्टार नाइट का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कलाकारों से संपर्क किया जा रहा है। यह जानकारी सांस्कृतिक मामलों की अध्यक्ष डॉ. सोनिया बंसल ने दी।

**एप पर ले सकेंगे कलमायका की जानकारी :** पिछले वर्ष के तर्ज पर इस वर्ष भी ह्यउदभव कलमायका-2018ह के लिए मोबाइन एप को तैयार किया जा रहा है। इसे मोबाइल प्ले स्टोर में जाकर 'कलमायका 2018' को डाउन लोड किया जा सकता है।

इसे डाउन लोड करते ही आपके कप्यूटर स्क्रीन पर फेस्ट के दौरान होने वाली तमाम जानकारियां मिल जाएंगी। इसके साथ ही छात्रों ने वेबसाइट भी तैयार की है। इसके माध्यम से लाइव प्रोग्राम देख सकेंगे। इस एप्लीकेशन को विद्यार्थी क्लब के सदस्यों की ओर से तैयार की गई है।